**देश में भ्रूण-परीक्षण के लिये चलते-फिरते गैर-सरकारी क्लीनिक**

3409. **श्रीमती सत्या बहिन:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि विभिन्न राज्यों में भ्रूण-परीक्षण के लिये चलते-फिरते गैर-सरकारी क्लीनिक कार्य कर रहे हैं;

(ख) क्या भ्रूण-परीक्षण करने के संबंध में सरकार ने चलते-फिरते गैर-सरकारी क्लीनिकों को लाइसेंस जारी किये हैं;

(ग) यदि हां, तो ऐसे चलते-फिरते गैर-सरकारी क्लीनिकों की संख्या कितनी है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार उनकी गतिविधियों पर निगरानी रख रही है?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ):** (क) से (घ) प्रसवपूर्व नैदानिक तकनीकों/प्रक्रियाओं के प्रयोग को विनियमित करने संबंधी किसी कानून के अभाव में भ्रूण परीक्षणों से संबंधित कार्य करने वाले चल अथवा अचल प्राइवेट क्लीनिकों संबंधी सूचना की अनुवीक्षा नहीं कि जा रही है। ऐसे क्लीनिकों को लाइसेंस देने का प्रश्न भी नहीं उठता।

इस समय देश में केवल महाराष्ट्र ही एक राज्य है जहां "महाराष्ट्र प्रसवपूर्व नैदानिक तकनीक विनियमन अधिनियम, 1988" नामक एक कानून लागू किया गया है। महाराष्ट्र में कार्यरत चल प्राइवेट क्लीनिकों के संबंध में संबंधित सूचना यदि कोई है, राज्य सरकार से एकत्र की जा रही है।

"प्रसवपूर्व नैदानिक तकनीक (विनियमन तथा दुरुपयोग का निवारण) विधेयक, 1991" नामक एक व्यापक केन्द्रीय कानून संसद में 12.9.1991 को पुरःस्थापित किया गया था, और जो इस समय संसदीय संयुक्त समिति के विचाराधीन है।

**Conference/Workshop on Skull Base Surgery in New Delhi**

3410. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether the first conference/ workshop on the relatively new and specialised field of skull base surgery was held at the All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), New Delhi recently in collaboration with Delhi based World Ferderation of Neurological Societies (India) Trust;

(b) if so, the details of the participants and how India stands at present in this field as compared to other countries; and

(c) what is . the cost of surgery and treatment in the USA and what would be the comparative cost in the country indicating the success rate in this high risk surgery during operations performed in 1991-92 and 1992-93?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI D. K. THARA DEVI SIDDHARTHA): (a) Yes. Sir.

(b) AIIMS have reported that three faculty members from USA and about 60 participants from India attended the workshop. AIIMS, NIMHANS and few other Centres are providing this specialised facility which at present is slightly behind the state of development in the USA.

(c) The cost of surgery in USA has been reported to be about one lakh US Dollars. General ward patients of Public Sector hospital of India do not pay any operation fees. It has been reported that the success rate of general skull based surgery is about 70%.